# वॉर 2 में पहली बार साथ आएगी सलमान, शाहरुख और ऋतिक की तिकडी, होगा एक्शन का धमाका



यशराज फिल्म्स के स्पाई यूनिवर्स की फिल्म वॉर 2 का दर्शकों को बेसब्री से इंतजार है। वॉर ने बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचाया था, इसलिए इसकी दूसरी किस्त को लेकर दर्शक बेहद उत्साहित हैं। अब इससे जुड़ी एक बड़ी खबर सामने आ रही है, जो फिल्म का इंतजार कर रहे दर्शकों का उत्साह दोगुना कर देगी। दरअसल, निर्देशक अयान मुखर्जी ने सलमान खान, शाहरुख खान और ऋतिक रोशन को अपनी इस फिल्म में साथ लाने की बड़ी जिम्मेदारी उठाई है। रिपोर्ट के मुताबिक, अयान इसी महीने वॉर 2 की शूटिंग शुरू करने वाले हैं। सेट पर इसका मुहूर्त भी हो चुका है। ऋतिक फिलहाल फिल्म फाइटर की शूटिंग के लिए इटली में हैं। वह जल्द ही वॉर 2 की शूटिंग शुरू करने के लिए भारत आएंगे। रिपोर्ट में कहा गया है कि इस बीच जूनियर एनटीआर के साथ फिल्म की शूटिंग शुरू हो सकती है। इस एक्शन-थ्रिलर फिल्म के लिए कियारा आडवाणी के नाम पर मोहर लग चुकी है। सूत्र ने बताया कि वॉर 2 कई मायनों में दिलचस्प होने वाली है। सबसे बड़ी वजह यह है कि अयान इस फिल्म से पहली बार शाहरुख, सलमान और ऋतिक को पर्दे पर साथ ला रहे हैं यानी एक्शन का जबरदस्त डोज मिलने वाला है। फिल्म में वाईआरएफ यूनिवर्स के तीनों जासूसों पठान, टाइगर और कबीर को साथ देखना दर्शकों के लिए एक अलग अनुभव होने वाला है। यह स्पाई यूनिवर्स की अयान के निर्देशन में बनने वाली पहली फिल्म है। अयान ने 2009 में 26 की उम्र में फिल्म वेकअप सिड से निर्देशन की शुरुआत की। हालांकि, इससे पहले वह शाहरुख की स्वदेश और कभी अलविदा ना कहना के सहायक निर्देशक रह चुके थे। ये जवानी है दीवानी और ब्रह्मास्त्र उन्हीं के निर्देशन में बनी। बता दें कि वॉर 2 में एनटीआर विलेन बने हैं और खास बात यह है कि वह इसके जरिए बॉलीवुड में कदम रख रहे हैं। वॉर 2 में ऋतिक के साथ उनकी जबरदस्त भिड़ंत देखने को मिलेगी। इसी बीच यह भी खबर आ रही है कि आदित्य चोपड़ा अपने स्पाई यूनिवर्स की दूसरी फिल्म टाइगर 3 में एनटीआर का परिचय दर्शकों को कराने वाले हैं। फिल्म में सलमान उर्फ टाइगर, वॉर 2 के खलनायक यानी एनटीआर का परिचय कराते दिखेंगे। वॉर 2019 में रिलीज हुई थी। फिल्म में ऋतिक के साथ टाइगर श्रॉफ नजर आए थे और इसमें जबरदस्त एक्शन देखने को मिला था। फिल्म में ऋतिक और टाइगर की जुगलबंदी कमाल की थी। इसमें ऋतिक एजेंट कबीर की भूमिका में थे। फिल्म के निर्देशक सिद्धार्थ आनंद ने आदित्य के साथ मिलकर इस फिल्म की कहानी भी लिखी थी। 175 करोड़ रुपये के बजट में बनी इस फिल्म ने 475 करोड़ रुपये से ज्यादा की कमाई की थी।

# रश्मि देसाई ने पूल किनारे ढाया कहर, बिखेरे कातिलाना अदाओं के जलवे



टीवी एक्ट्रेस रश्मि देसाई एक लंबा वक्त इंडस्ट्री में बिता चुकी हैं। इस दौरान उन्होंने घर-घर में अपनी एक खास जगह बना ली है। आज कोई रश्मि की अदाओं पर फिदा है, तो कोई उनकी अदाकारी का दीवाना है। ऐसे में एक्ट्रेस किसी न किसी कारण लगातार खबरों में बनी ही रहती हैं। फिलहाल तो रश्मि अपने नए फोटोशूट के कारण सबका ध्यान अपनी ओर खींच रही हैं। लेटेस्ट फोटोज के लिए रश्मि देसाई ने व्हाइट-येलो चेक प्रिंट वाला ऑफ-नेक क्रॉप टॉप कैरी किया है। इसे उन्होंने ग्रीन पैंट के साथ पेयरअप किया है। एक्ट्रेस ने अपने इस लुक को सटल बेस, न्यूड ग्लॉसी लिप्स और न्यूड स्मोकी आई मेकअप से कंप्लीट किया है। रश्मि ने इस लुक के साथ अपने हाफ बालों का हाई बनाया हुआ है। वहीं, एक्सेसरीज के तौर पर उन्होंने एक हाथ में ब्रेसलेट और गले में टू लेयर्ड चेन पहनी है। रश्मि इस लुक में भी बहुत गॉर्जियस लग रही हैं। उन्होंने अपना स्टाइलिश अवतार कैमरे के सामने फ्लॉन्ट करते हुए एक से एक किलर पोज दिए हैं। अब फैंस के बीच उनका ये नया फोटोशूट भी काफी वायरल होने लगा है। यूजर्स ने उन्हें खूबसूरत और क्यूट बताते हुए कई कमेंट्स भी किए हैं। दूसरी ओर रश्मि के वर्क फ्रंट की बात करें तो इस समय वह मिशन लैला टाइटल से बन रही हिन्दी फिल्म को लेकर चर्चा में हैं। इसके अलावा रश्मि के पास नौन ताने ना समझे गुजराती और चक्के दी बूटी टाइटल से बनने वाली पंजाबी फिल्मों की तैयारी में भी व्यस्त चल रही हैं। रश्मि के चाहने वाले उन्हें फिर पर्दे पर देखने के लिए उत्साहित हैं।




# सनी लियोनी ने बनाया माधुरी के सुपरहिट गाने मेरा पिया घर आया का रीमेक, टीजर जारी



1995 में आई माधुरी दीक्षित की फिल्म याराना को दर्शकों का खूब प्यार मिला था। फिल्म का गाना मेरा पिया घर आया सुपरहिट साबित हुआ था। इसमें माधुरी की अदाओं ने दर्शकों का दिल जीत लिया था। अब मेरा पिया घर आया का रीमेक बनने जा रहा है, जिसमें सनी लियोनी दिलकश अदाएं दिखाती नजर आएंगी। सनी ने मेरा पिया घर आया 2.0 का टीजर जारी कर दिया है, जिसमें उनकी थोड़ी-सी झलक देखने को मिल रही है।

सनी ने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर मेरा पिया घर आया 2.0 का टीजर साझा किया है। इसके कैप्शन में उन्होंने लिखा, इसे दुनिया के साथ साझा करते हुए बहुत गर्व महसूस हो रहा है। माधुरी दीक्षित के जबरदस्त गाने का रीमेक बनाना बहुत सम्मान की बात है। मेरे पिया घर आया 2.0 का टीजर अब रिलीज हो गया है। गाना 8 अक्टूबर को जारी किया जाएगा। मेरा पिया घर आया 2.0 को नीति मोहन ने अपनी आवाज दी है।

सनी को पिछली बार अनुराग कश्यप की फिल्म कैनेडी में देखा गया था। इस फिल्म का प्रीमियर कान्स फिल्म फेस्टिवल में हुआ था। आने वाले दिनों में सनी मलयालम फिल्म रंगीला में नजर आएंगी। इसके अलावा अभिनेत्री वीरमादेवी और शेरो जैसी तमिल फिल्मों में भी अपनी मौजूदगी दर्ज करवाएंगी। सनी कोका कोला और हेलेन हिंदी फिल्मों का भी हिस्सा हैं। वह कन्नड़ फिल्म चुआई में भी अभिनय करती दिखाई देंगी।

